महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान

शिक्षा मंत्रालय ~~(मानव संसाधन विकास मंत्रालय~~, भारत सरकार)

वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पोस्ट जवासिया, उज्जैन–456006 (म.प्र.)

Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan

शिक्षा मंत्रालय ~~(Ministry of HRD~~, Govt. of India)

Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN- 456006 (M.P.)

प.सं.17-3/2019(प्र./वि.)/मसारावेविप्र/ दिनांक : 02.03.2022

कार्यालय आदेश – 1099

विषय : प्रतिष्ठान से अनुदानित वेद पाठशाला / गुरु-शिष्य परम्परा इकाइयों में अध्ययनरत छात्रों के "स्वाध्याय वर्ग" आयोजित करने के संबंध में ।

प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशालाओं/ गुरु-शिष्य परम्परा योजना इकाइयों में अध्ययनरत वेदभूषण प्रथम से चतुर्थ वर्ष एवं वेदविभूषण प्रथम वर्ष की वर्ष 2021-22 की वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 24 -25 फरवरी, 2022 को संपन्न हुई है ।

यह ध्यान में आया है, कि कोविड-19 के प्रभाव से बचाव हेतु केन्द्र सरकार/ राज्य सरकार/ स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अन्तर्गत अप्रैल, 2020 से नवम्बर, 2021 तक वेदपाठशाला/ इकाइयों के कई छात्रों ने घर पर रहकर ही ऑनलाइन वेदाध्ययन किया है । जिसके कारण छात्रों को सस्वर वेद कंठस्थ करने तथा आवृत्ति करने में कठिनता थी ।

छात्रों के वेद कंठस्थीकरण एवं मौखिक उच्चारण के लिए वेदपाठशाला / इकाई में साक्षात उपस्थिति के साथ निरन्तर अध्ययन-अध्यापन को ध्यान में रखते हुए प्रतिष्ठान से अनुदानित समस्त वेदपाठशाला / गुरु-शिष्य परम्परा योजना इकाई अध्यापकों को निर्देशित किया जाता है, कि आगामी शैक्षणिक सत्र में पाठशाला/ इकाई में अध्ययनरत छात्रों / अध्यापकों को प्रतिष्ठान के दिशानिर्देश के अवकाश संबंधी नियम (6) के अन्तर्गत किसी भी प्रकार का अवकाश प्रदान नहीं किया जाए । केवल विशेष अपरिहार्य कारण होने पर ही संबंधित छात्र / अध्यापक को आवश्यकतानुसार अवकाश प्रदान किया जाए ।

समस्त वेदपाठशाला / इकाई अध्यापक छात्रों को अवकाश संबंधी नियम (6) के अन्तर्गत अवकाश प्रदान न करते हुए छात्रों के वेद अध्ययन के जो अध्याय कंठस्थ नहीं हुए हैं उन अध्याय का स्वाध्याय/पुनरावृत्ति कराने हेतु **"स्वाध्याय वर्ग"** का आयोजन करें। स्वाध्याय वर्ग की समय सारणी तैयार कर प्रतिष्ठान को ईमेल msrvvpujn@gmail.com /msrvvp.academic@gmail.com पर प्रेषित करें ।

2/3/2022

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि : (1) सचिव के निजी सचिव, मसारावेविप्र

(2) डॉ. अनूप कुमार मिश्र, अनुभाग अधिकारी, मसारावेविप्र

(3) समस्त गुरु-शिष्य परम्परा इकाई डीलिंग असिस्टेंट

(4) समस्त वेदपाठशाला / गुरु-शिष्य परम्परा योजना इकाई अध्यापकों को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रतिष्ठान की वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ ।

(5) कार्यालय आदेश पत्रावली ।

दूरभाष (0734)2502266, 2502254, 2502255 **फैक्स** (0734-2502253)

E-mail : msrvvpujn@gmail.com, website : www.msrvvp.ac.in